**Ans. (c) :** 'राजीव गांधी कृषक साथी सहायता योजना' को राजस्थान सरकार द्वारा 9 दिसम्बर 2009 में प्रारम्भ किया गया था। जिसके तहत कृषि कार्य के दौरान दुर्घटना या मृत्यु हो जाने पर 50000 से 2 लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। अपंगता में 50 हजार एवं मृत्यु हो जाने पर 2 लाख सहायता मिलेगी।

**1707. इन्दिरा रसोई योजना के अन्तर्गत लाभार्थी ______ रू. में भोजन प्राप्त कर सकता है।**

(a) 8 (b) 10
(c) 12 (d) 14

**RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022**

**Ans. (a) :** राजस्थान सरकार द्वारा 18 सितंबर 2021 को राज्य के गरीब जरूरतमंदों हेतु इंदिरा रसोई योजना को प्रारम्भ किया गया, इसके अंतर्गत लोगों को मात्र आठ रूपये मे भोजन कराया जायेगा। इस योजना का पुराना नाम अन्नपूर्णा रसोई योजना था।

**1708. ''मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना'' को ________ से नोटिफाइड तथा शुरू किया गया है।**

(a) 2019 (b) 2020
(c) 2021 (d) 2022

**RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022**

**Ans. (a) :** राज्य में लघु उद्योग स्थापित करने तथा बेरोजगारी दर कम करने हेतु राज्य सरकार द्वारा 17 दिसम्बर, 2019 को 'मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन ऋण योजना' प्रारम्भ किया गया, जिसके तहत 10 लाख से 10 करोड़ रू. तक के ऋण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

**1709. निम्न में से कौन सा युग्म सही नहीं है?**

(a) रूडा - राज्य में शहरी गैर-कृषि क्षेत्र के संवर्धन की एजेंसी
(b) रोको- राज्य में औद्योगीकरण के विकास का सर्वोच्च संगठन
(c) राजसीकी - लघु पैमाने के उद्योगों के विपणन में सहायता प्रदान करने वाली एजेंसी
(d) आर.एफ.सी.- उद्योगों को रु.20 करोड़ तक की वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली एजेंसी

**RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022**

**Ans. (a) :** RUDA (ग्रामीण गैर कृषि विकास एजेंसी) की स्थापना नवम्बर, 1995 में की गई थी। इसके द्वारा राज्य में ग्रामीण गैर-कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी के रूप में किया गया था। इसका प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के वैकल्पिक रास्ते बनाना है।

**1710. राजस्थान के संदर्भ में 'अन्नपूर्णा भण्डार' क्या है?**

(a) उचित मूल्य दुकान
(b) समान मूल्य की दुकान
(c) अन्न भण्डार
(d) BPL गरीबों के लिए मुफ्त खाना

**संगणक भर्ती परीक्षा-2018**

**RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022**

**Ans. (a) :** राजस्थान सरकार ने गाँव-गाँव तक लोगों को ब्रांडेड उत्पाद उपलब्ध करवाने के लिए 31 अक्टूबर 2015 को जयपुर जिले के भम्भौरी गाँव से अन्नपूर्णा भण्डार योजना की शुरूआत की। यह उचित मूल्य की दुकान से संबंधित है। इस योजना में राशन की दुकानों को अन्नपूर्णा भंडार के रूप में विकसित किया गया है।

**1711. राजस्थान में सूखा संभावित कार्यक्रम कब प्रारम्भ हुआ था?**

(a) 1974- 75 (b) 1977- 78
(c) 1982- 83 (d) 1986- 87

**RPSC Gen. Awareness and Gen Studies -2018**
**कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती- 2018**
**RPSC; RAS/RTS -2012**
**RPSC-2022**

**Ans. (a) :** राजस्थान में सूखा संभावित कार्यक्रम वर्ष 1974 में प्रारम्भ किया गया है। यह एक केन्द्रीय योजना है, जो भूमि, जल, मानव संसाधन के संरक्षण, विकास और दोहन द्वारा पारिस्थितिकी संतुलन को बहाल करने के लिए एक लम्बे समय का कार्यक्रम है। चौथी पंचवर्षीय योजना (1969-74) के दौरान इसे शुरू किया गया था।

**1712. राजस्थान में महिला सशक्तिकरण हेतु मुख्यमंत्री के सात सूत्रीय कार्यक्रम में निम्नलिखित में से क्या शामिल हैं?**

(a) शिशु- मृत्युदर में कमी
(b) जनसंख्या स्थिरीकरण
(c) बाल विवाह की रोकथाम
(d) छात्राओं का स्कूल में कम से कम कक्षा 10 तक ठहराव

(1) केवल A और B (2) केवल A और C
(3) केवल C और D (4) केवल A,B,C और D

**RPSC-2020**
**स्टेनोग्राफर परीक्षा- 2019**
**Head Clerk Exam - 2018**

**Ans. (d) :** राजस्थान में महिला सशक्तीकरण हेतु मुख्यमंत्री के सात सूत्रीय कार्यक्रम में शामिल कार्यक्रम निम्न है-
(i) शिशु मृत्यु दर में कमी
(ii) जनसंख्या स्थिरीकरण
(iii) बाल विवाह की रोकथाम
(iv) छात्राओं का स्कूल में कम-से-कम कक्षा 10 तक ठहराव
(v) महिलाओं की सुरक्षा एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करना
(vi) स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वरोजगार
(vii) सुरक्षित मातृत्व
इस प्रकार स्पष्ट है कि विकल्प में दिये गये सभी कथन शामिल है।

**1713. निम्न में से कौन सा राजस्थान में क्रियान्वित की जाने वाली ''दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का घटक नहीं है?''**

(a) क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण
(b) स्वरोजगार कार्यक्रम
(c) सामाजिक जुड़ाव और संस्थागत विकास
(d) बेहतर नीतिगत ढाँचा

**सहायक संख्यिकी अधिकारी -2018**
**RPSC-2018**